(ग) क्या यह सच है कि मिथिला क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रमाणित हो गए थे, परन्तु तब भी उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और यथा संभव सूचना सभा पटल पर रख दी जाएगी।

बिहार में कृषि उपकरणों के लिए ऋण

2157. श्री अशोक नाथ वर्मा : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार में लघु और सीमान्त किसानों को कृषि उपकरणों की खरीद के लिये बैंकों और सहकारी संस्थाओं द्वारा ऋण दिये जाते हैं ; यदि हां, तो किन-किन बैंकों, सहकारी संस्थाओं और एजेन्सियों ने विभिन्न मिलों में विभिन्न डीजल तथा विद्युत पम्प सैटों के लिये ऋण वितरित किये हैं और इन उपकरणों के लिये कितना-कितना ऋण वितरित किया गया है और पाइप अथवा स्ट्रेनर के लिये किस ब्याज दर पर ऋण दिया गया है ; इस संबंध में अलग-अलग ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या यह भी सच है कि ऋणों के वितरण में असमानता है ; यदि हां, तो इसके लिये कौन दोषी है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) बिहार में पम्पसैट खरीदने के लिये बैंकों द्वारा दिये गये ऋणों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रस्तुत की गयी सबसे हाल की उपलब्ध सूचना 1984 से संबंधित है, जिसका बैंकवार ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिये) पम्पसैट और सहायक समान खरीदने के लिये बैंकों से निवेश ऋणों के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित दरों पर जो वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है उसकी ब्याज दरें इस प्रकार हैं :—

(1) छोटे किसान	10 प्रतिशत वार्षिक
(2) अन्य किसान	12.5 प्रतिशत वार्षिक

(ख) संभवतः माननीय सदस्य का आशय पम्पसैट और सहायक सामान खरीदने के लिये विभिन्न जिलों में संवितरित ऋण राशियों में विद्यमान विसंगतियों से है। इस प्रयोजन के लिये किसी विशेष जिले में संवितरित की जाने वाली ऋण राशि भूमिगत जल, ऋणकर्ताओं की ऋण खपाने की क्षमता, विकास की क्षमता आदि जैसी विभिन्न बातों पर निर्भर करेगी।

विवरण

बिहार में बैंकों द्वारा वित्तपोषित पम्पसैटों का ब्यौरा

(लाख रुपये)

म सं०	वित्तपोषण करने वाले बैंक का नाम	वर्ष 1984 में पम्पसैटों के लिये दिये गये ऋण
1	2	3
1	भारतीय स्टेट बैंक	292.026
2	यूनियन बैंक आफ इंडिया	2.51
3	सैंट्रल बैंक आफ इंडिया	96.30

1	2	3
4	बैंक आफ इंडिया	3.658
5	बैंक आफ इंडिया	1.61
6	केनरा बैंक	उ०न०
7	बैंक आफ बड़ौदा (उत्तरी बिहार)	2.80
8	पंजाब नेशनल बैंक	29.04
9	वैशाली क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	5.54
10	दि भागलपुर सेंट्रल कोआपरेटिव बैंक लि०	--
11	दि कटिहार डिश० सेंट्रल को० बैंक	--
12	सारण क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	2.25
13	समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	13.00
14	मुजफफरपुर सेंट्रल को० बैंक लि०	--
15	दि छपड़ा डि० सेंट्रल को० बैंक लि०	--
16	संथाल परगना ग्रामीण बैंक	2.91
17	सिवान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	0.15
18	दि पूर्णिया डि० सेंट्रल को० बैंक लि०	--
19	मुंगेर जमूई सेंट्रल को० बैंक लि०	--
20	कोसी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	1.53
21	बेगूसराय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	--
22	हजारीबाग क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	--
23	दि मगध सेंट्रल को० बैंक लि०	--
24	बिहार स्टेट लैंड डेवलपमेंट बैंक	976.12
		1429.45

उ० न० उपलब्ध नहीं

Malayalam programmes on Doordarshan

2158. SHRI B. V ABDULLA KOYA: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the details of Malayalam programmes selected for telecast during the national hook-up of Doordarshan in near future; and

(b) what is the time schedule thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI AJIT PANJA): (a) and (b). Doordarshan has been telecasting one programme in a month in regional language in the national hook-up with sub-titles in English. The programme in Malayalam is scheduled for telecast at 10.45 p.m. on 9th October, 1987 under the title 'Kerala Se'. Besides this, songs from Malayalam films are included in the 'Chitramala' programme for telecast on the national hook-up. Malayalam films are also telecast on the national hook-up from time to time.